## खबर संक्षेप

### कटाएघाट मेले में दंगल वेटलिफ्टिंग स्पर्धा आज

**कटनी।** कटायेघाटमेला में 16 दिसम्बर को 2 बजे दंगल वेटलिफ्ट, सांस्कृतिक कार्यकम गुरप डांस आकेस्ट्रा कार्यक्रम 06 बजे से 09 तक एवं रात्रि 9 बजे से 10 बजे तक लोक नृत्य कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जायेगी। महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी निगमाध्यक्ष श्री मनीष पाठक मेला आयोजन समिति ने नगर की जनता से मेला में पहुंचने अपील की है।

### जैविक खेती शुरू पर आईटी के छात्र की सराहना

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद ग्राम पंचायत खड़रा पहुंचकर उद्यानिकी फसल सेट नेट का निरीक्षण कर किसान से खेती की इस तकनीक की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने यहां आईटी के स्टूडेंट शशांक पटेल को जैविक खेती शुरू करने के लिए खूब सराहना की और उन्हे कटनी जिले का सच्चा हीरो कहा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुआं के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और उप यंत्री को कार्य की गुणवत्ता एवं अच्छा कार्य करने की नसीहत देते हुए सरस्वती वेयरहाउस ई - उपार्जन केंद्र नीमखेड़ा कुआं के किसानों से संपर्क कर खरीदी केंद्र प्रभारी एवं ऑपरेटर के साथ ही समिति प्रबंधक के बेहतर कार्य की प्रशंसा की।

### कानून व्यवस्था हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**कटनी।** राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 का आयोजन रविवार 17 दिसंबर को कटनी मुख्यालय स्थित 06 परीक्षा केन्द्रों में प्रातः 10 से 12 एवं द्वितीय पाली दोपहर 02:15 से 04:15 बजे तक दो सत्रों में किया जाना है। जिले के 6 परीक्षा केन्द्रों में नामांकित कुल अभ्यर्थियों की संख्या 1953 है। अपर जिला मजिस्ट्रेट साधना कमलकांत परस्ते द्वारा परीक्षा में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अधिकारियों को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट का कार्यदायित्व सौंपा है। अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार आशीष अग्रवाल तहसीलदार कटनी को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज झिंझरी, शासकीय मॉडल हायर सेकेन्ड्री स्कूल झिंझरी एवं शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेन्ड्री स्कूल माधवनगर कटनी में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखनें हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इसी तरह श्री विवेक मूले अधीक्षक भू-अभिलेख को शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी हेतु एवं श्री शिवभूषण सिंह नायब तहसीलदार मुड़वारा नंबर 2 को बार्डस्ले इंग्लिश मीडियम स्कूल, नालंदा हायर सेकेन्ड्री स्कसूल सिविल लाईन में कानून एवं शोति व्यवस्था हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

### ध्वनि विस्तारक यंत्रों के नियंत्रण हेतु बैठक आज

**कटनी।** धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों में ध्वनि विस्तारक यंत्र यथा लाउडस्पीकर, डीजे ,संबोधन प्रणाली के अनियंत्रित नियम विरुद्ध प्रयोग पर नियंत्रण हेतु धर्मगुरुओं की बैठक आज शनिवार 16 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय के नवीन सभाकक्ष में अयोजित होगी। उल्लेखनीय है कि पहले यह बैठक शुक्रवार 15 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से आयोजित होनी थी ,जो अब अपरिहार्य कारणोंवश स्थगित कर धर्मगुरुओं की यह बैठक अब शनिवार को आहूत की गई है। इसलिए सभी संबंधित जनों से शनिवार को तय समय और स्थान पर उपस्थित होकर बैठक में शामिल होने का आग्रह जिला प्रशासन ने किया है।

### मतवारी में सुचारू हुई विद्यतु व्यवस्था

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर कनिष्ठ अभियंता निवार वितरण केंद्र द्वारा ग्राम मतवारी में पहुंचकर शिकायत स्थल की जांच की गई। जांच के दौरान ग्राम मतवारी में केबल खराब होना पाया गया। कनिष्ठ अभियंता निवार द्वारा केबल का सुधार कार्य कराया जाकर सुरक्षित तरीके से विद्युत सप्लाई चालू करा दिया गया है।

---

### उमावि भुड़सा के दो कमरों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 223 विद्यार्थी अध्ययनरत, अधूरी सुविधाएं, भविष्य दावं पर

# अव्यवस्थाओं में जकड़े सरकारी स्कूल, पेड़ तले तालीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

सरकारी शिक्षा व्यवस्था किस कदर हिचकोले खा रही है यह बात न तो अधिकारियों से छिपी है न ही जनता से। तमाम विसंगतियों के बीच गरीब तबके के छात्र छात्राएं यहां तालीम हासिल कर रहे हैं। कहीं भवन की कमी हैं तो कही शिक्षक ही नहीं है तो ही बुनियादी सुविधाएं ऊंट के मुंह में जीरे के समान हैं। तिस पर भी न तो जनप्रतिनिधि और न ही प्रशासन बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित है। सवाल यही उठता है कि सिस्टम की कमियों के बीच शिक्षा ग्रहण कर रहे इन बच्चों का भविष्य कैसा होगा?

बड़वारा संकुल अंतर्गत ग्राम भुड़सा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को खुले आसमान और पेड़ के नीचे तालीम लेनी पड़ रही है। विद्यालय में कक्षों की कमी होने की वजह से स्कूल प्रांगण के सामने लगे आम के पेड़ों के नीचे अध्ययन करना पड़ रहा है।








#### दो कमरे, 223 विद्यार्थी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुड़सा में कक्षा नवमी से बारहवीं तक कुल छात्र छात्राओं की दर्ज संख्या 223 है जिसमे 102 छात्र एवम 121 छात्राएं अध्ययन रत हैं। विद्यालय में चार नियमित शिक्षक हैं तथा पांच अतिथि शिक्षक हैं। विद्यालय में मात्र दो कमरे हैं जिसमे छात्र छात्राएं अध्ययन करते हैं किंतु कक्षा ग्यारहवीं एवम बारहवीं के बहुत से छात्र छात्राएं विद्यालय में जगह व अधिक कमरे न होने की वजह से खुले आसमान के नीचे बृक्ष के नीचे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

#### बरसात में नही लग पातीं कक्षाएं

विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं ने बताया कि बरसात के मौसम में कक्षाएं संचालित नही हो पातीं क्यों कि विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष नही हैं जहां पर बैठकर हम शिक्षा हासिल कर सकें।

#### सुरक्षा भी राम भरोसे

विद्यालय में बाउंड्री वाल नही है जिसके चलते प्रांगड़ में आवारा कुत्ते आ जाते हैं जिससे भय का माहौल बना रहता है। विद्यालय के समक्ष जहां छात्र छात्राएं पेड़ के नीचे बैठकर अध्ययन करते हैं उसी के समीप से रोड है जिसमें वाहनों के निकलने से अत्यधिक शोर होता है जिसकी वजह से अध्यापन कार्य मे व्यवधान उतपन्न होता है।

#### प्रयोगशाला भी नहीं

विज्ञान संकाय में अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं के लिए प्रयोग शाला कक्ष भी नही है जिससे उन्हें प्रायोगिक कार्य करने में भी बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है।

छात्र छात्राएं विद्यालय में दूर दूर से अध्ययन करने आते हैं किंतु उनके लिए साईकल स्टैंड भी नही है जिससे उनकी सायकिलें अस्त व्यस्त रहती हैं।

#### हमने प्रस्ताव बनाकर भेजा है : जिला शिक्षा अधिकारी

इस विषय पर जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल सिंह से उनका पक्ष जानना चाहा तो उनका कहना था की जी हां यह बात सही है शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुड़सा में कमरों की कमी है जिसके चलते छात्र छात्राओं को असुविधा हो रही है हमने प्रस्ताव बनाकर भेज दिया है जैसे ही ऊपर से स्वीकृति प्राप्त होगी विद्यालय में कमरों के निर्माण के साथ ही अन्य सुविधाएं मुहैया होंगी।

#### व्यवस्थाएं सुधारने की मांग

विद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्र एवम छात्राओं तथा उनके पालको ने बड़वारा के नवनिर्वाचित विधायक एवम जिला कलेक्टर से मांग की गई हैं कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुड़सा में अतिरिक्त कक्ष एवम बाउंड्री वाल बनवाने की कृपा करें ताकि छात्र छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने में किसी प्रकार की समस्या होने से बचाया जा सके।

---

*न्यायालय में किया गया पेश, न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जेल*

## दुष्कर्म के मामले में फरार ईनामी आरोपित को मंदसौर जिले से किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दुष्कर्म के मामले में फरार 5 हजार रूपए के ईनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित रंजीत सिंह को मंदसौर जिले से गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि 14 अक्टूबर को फरियादी ने स्वयं की नाबालिक बच्ची को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अपहरण किए जाने की रिर्पोट थाने में दर्ज कराई थी जिसे पुलिस ने धारा 363 भा द वि के तहत मामला पंजीबद्ध कर तत्परता से विवेचना शुरू की और नाबालिक बच्ची को ढूंढ़ कर परिजनों सौंप दिया गया था तथा नाबालिक बच्ची से घटना क्रम के सम्बंध में पूछतांछ की गई जिसने बताया कि उसे अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसे पत्नी बनाकर रखा गया था और उसके मरने के बाद दूसरे व्यक्ति को बेच दिया गया था उक्त मामले के 03 आरोपियों को त्वरित गिरफ्तार कर एससीएसटी एक्ट में जेल भेज दिया गया था। किन्तु मामले का अन्य आरोपी रंजीत उर्फ रणजीत सिंह पिता स्व. मोती सिंह सिसोदिया 28 ग्राम सातलखेडी पुलिस थाना भानुपरा जिला मंदसौर का मौके से फरार हो गया था।

फरार आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पूर्व में कई बार प्रयास किये गये पर सफलता नहीं मिल पा रही थी। तब अभिजीत रंजन पुलिस अधीक्षक कटनी ने द्वारा आरोपी को पकड़ने के लिए 5 हजार का ईनाम घोषित किया था। विजयराघवगढ़ पुलिस ने पुनः लगातार प्रयास करते हुए अपने मुखबिर तंत्र को मजबूत किया। फरार आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए अनूप सिंह निरीक्षक थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम का गठन कर टीम को मन्दसौर भेजा गया था पुलिस टीम मन्दसौर जिले में पहुँचकर हर सम्भावित स्थानों में छापामारी की गई किन्तु सफ़लता नहीं मिल पा रही थी। टीम के सदस्यों ने तकनीकी एवं स्थानीय मुखबिर तंत्र से सम्पर्क कर फरार आरोपी के ठिकाने पर पहुंचीं जो कि एक खेत में बने झोपड़ी में अपना छुपाव किए हुऐ रह रहा था। जिसे पकड़ने के लिए पुलिस पहुंचीं ही थी कि पुलिस को देखते ही वह रात के अंधेरे में भागने का प्रयास करने लगा जिसे पुलिस ने भारी मशक्कत से घेराबंदी कर पकड़ा है । पकड़े गए आरोपी रंजीत सिंह से घटना के बारे में पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसकी शादी नहीं हुई है जिस कारण उसने 2,00,000 रूपये में खरीद लिया था और उसके साथ शादी करना चाहता था ।

आरोपी रंजीत सिंह का मेडीकल परीक्षण उपरान्त न्यायालय विजयराघवगढ में पेश किया गया था जिसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

कार्यवाही में टीआई अनूप सिंह ठाकुर, एसआई योगेश मिश्रा, एएसआई शशि भूषण सिंह, लालू यादव, प्रधान आरक्षक प्रशान्त विश्वकर्मा की भूमिका रही।

---

## सीईआर के तहत की गई कार्यवाह की समीक्षा



राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (सिया) द्वारा जारी निर्देश के परिपेक्ष्य में कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में खनिज अधिकारी की उपस्थिति में एम.पी. सिया द्वारा जारी पर्यावरणीय अनुमति में विहित शर्तों के अनुसार सी.ई.आर. गतिविधियों के कियान्वयन सुनिश्चित कराये जाने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा उपस्थित पट्टेदारो में से 24 खदानो के पट्टाधारको के द्वारा सी.ई.आर. के तहत की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। समीक्षा में पट्टाधारको के द्वारा सी.ई.आर. के तहत किये गये कार्य जैसे वृक्षारोपण आदि के संबंध में कलेक्टर श्री प्रसाद को अवगत कराया। बैठक में कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिन पट्टाधारको के द्वारा सी.ई.आर.के अनुकूल कार्य नही किया गया है, उन्हे सात दिवस में कार्यों, दायित्वो का परिपालन सुनिश्चित करने की कार्ययोजना तैयार कर खनिज अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देश दिये गये है।

---

**निर्देशों का पालन कराने अधिकारी कर्मचारियों को सौंपे दायित्व**

## नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के लिए समितियां गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद द्वारा ओदश जारी कर नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए जिले में निर्वाचन के सुचारू संचालन हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया है। कलेक्टर नें समितियों के नोडल एवं सहायक अधिकारियों को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, उप-जिला निर्वाचन अधिकारी तथा संबंधित आर.ओ. एवं ए. आर.ओ. से समन्वय स्थापित कर राज्य निर्वाचन आयोग के नवीनतम निर्देशो के अनुरूप कार्यवाही सम्पन्न कर जिला निर्वाचन कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश दिए है।

जिले में कानून व्यवस्था एवं आदर्श आचरण संहिता के क्रियान्वयन के तहत निर्वाचन अवधि के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने, आदर्श आचरण का पालन सुनिश्चित कराने, सम्पत्ति विरूपण एवं कोलोहल नियंत्रण अधिनियंम का पालन सुनिश्चित कराने एवं सभा, रैली, स्थल एवं समय निर्धारण की अनुमति का कार्य सौंपा गया जिसके नोडल अधिकारी अपर जिला दंडाधिकारी, एडि एसपी सहित सहायक हेतु अनुविभागीय दंडाधिकारी उपखंड कटनी, ढ़ीमरखेड़ा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, ढ़ीमरखेड़ा को नियुक्त किया गया है।

परिवाहन व्यवस्था अंतर्गत निर्वाचन कार्य में लगने वाली जीप, बस तथा अन्य आवश्यक वाहनों की व्यवस्था एवं वाहनों का अभिलेख एवं भुगतान पत्रक का संधारण कराने हेतु नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी व विमलेश गुप्ता क्षेत्रीय परिवाहन अधिकारी को नियुक्त किया गया है। मतदान दलों व निर्वाचन में लगें अन्य पदाधिकारियों का प्रशिक्षण व्यवस्था हेतु मास्टर ट्रेनर, आर.ओ, ए.आर.ओ मतदान दलों, अभ्यार्थियों, ईवीएम व डी एम एम सीलिंग व मतदान सामग्री वितरण जमा में लगे अधिकारी कर्मचारियों का प्रशिक्षण कराने, प्रशिक्षण हेतु नोडल अधिकारी राजेन्द्र आसाटी, व्याख्याता, डाईट कटनी व राकेश बारी व्याख्याता को दायित्व सौंपा गया है।

---

## शहर - विकास के लिए सड़क चौड़ीकरण जरूरी : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जगन्नाथ चौक से घंटाघर सडक निर्माण के दूसरे चरण की प्रक्रिया में 15 दिसम्बर को व्यापारी एवं रहवासियों की एक बैठक नगर निगम में आयोजित की गई। बैठक में महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल तहसीलदार कटनी आशीष अग्रवाल, एमआईसी सदस्य रमेश सोनी, सुभाष शिब्बू साहू, बीना बैनर्जी, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, शशिकांत तिवारी ने बैठक में सडक चौड़ीकरण के संबंध में चर्चा की।

जगन्नाथ चौक सें घंटाघर में सडक निर्माण के लिए प्रथम चरण के कार्य सीवर लाइन पूर्ण होने के बाद इस मार्ग के चौड़ीकरण के लिए यहॉ के भूमि स्वामियों से भूमि अधिग्रहण कराने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक के दौरान कई लोगों का कहना था कि सडक चौड़ीकरण के लिए वे अपनी निजी भूमि को मुआवजा मिलने की शर्त पर ही नगर निगम को सडक निर्माण के लिए सौंप सकते है, लेकिन जगन्नाथ चैक से घंटाघर तक सडक की हालत जर्जर होने पर कुछ लोगों का कहना था कि सडक का चौड़ीकरण न करते हुये नाली और सडक का यथास्थिति में ही निर्माण कराया जाय। लेकिन इस मार्ग में रहने वाले अन्य कई लोगों का बैठक में अपना विचार था कि मुआवजा मिलने के बाद ही सडक का निर्माण स्थाई तौर पर किया जाय।

महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने लोगों को समझाते हुये कहा कि शहर हित एवं विकास के लिए यदि इस मार्ग में रहने वाले कुछ लोग सडक चौड़ीकरण के लिए अपनी जगह देते हैं तो सडक चौड़ीकरण के साथ समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा। सडक निर्माण के लिए टेंडर हो चुके है। चौड़ीकरण के कारण विलम्ब हो रहा है ।

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक ने व्यापारी बंधु एवं इस मार्ग के निवासियों से कहा कि शहर की जनता इस मार्ग से परेशान हो चुकी है। जनहित के इस कार्य के लिए सभी की सहमति अनिवार्य है। इस मार्ग के निवासियों की परस्पर सहमति नहीं बन पाने के बाद नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने अंत में निर्णय लिया कि जिन लोगो को नगर निगम द्वारा नोटिस जारी किये गये है, वे सभी लोग निगम को लिखित तौर पर मुआवजा राशि नहीं मिलने के कारण भूमि नहीं देने का जिक्र करते हुये पत्र प्रेषित करें जिससे निगम प्रशासन द्वारा शासन स्तर पर मुआवजे की मांग को लेकर पत्राचार किया जा सके।

आयुक्त ने भू-स्वामियों को स्पष्ट तौर पर कहा है कि उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार सडक का निर्माण चौड़ीकरण के अनुसार किया जाना है।

---

**श्री बजरंग कटायेघाटमेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम**

## छिंदवाड़ा के लोक नर्तकों की मनमोहक प्रस्तुति से झूम उठे दर्शक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

श्री बजरंग कटायेघाट मेले मे छिंदवाड़ा से आए लोक नर्तकों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। तालियों की जोरदार गड़गड़ाहट के बीच छिंदवाड़ा से आए लोक नर्तकों का नृत्य देखने हजारों की संख्या में दर्शक जमा रहे दर्शक झूमने को विवश हो गये।

नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देशन एवं निगम अध्यक्ष श्री मनीष पाठक निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ला उपायुक्त एवं मेला प्रभारी पवन अहिरवार के मार्गदर्शन में कटायेघाट में चल रहे श्री बजरंग कटायेघाट मेले में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

मेले में 14 दिसंबर को छिंदवाड़ा से आई जनमानस लोक नृत्य की टोली द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। लोक नृत्य के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नगर की प्रथम नागरिक महापौर प्रीति संजीव सूरी अध्यक्ष




मनीष पाठक, निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ला उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार पार्षद शशिकांत तिवारी राजस्व अधिकारी जेपी पाठक, आलोक तिवारी पार्षद शकुंतला सोनी सुनील पाठक सहित कई जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में शहर वासियों की मौजूदगी रही।

लोक नृत्य की प्रस्तुति के बाद कटायेघाट मेले में देर शाम रंगारंग कार्यक्रमों की कड़ी में आर्केस्ट्रा में फिल्मी गीतों की आकर्षक प्रस्तुति से दर्शकों ने लुत्फ उठाया। आर्केस्ट्रा के आयोजन को देखने के लिए शहर के अलावा समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों से भी बडी संख्या में लोग पहुंचे।।

#### उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रतिभागी छात्र पुरूस्कृत

शहर के विभिन्न शालाओं के छात्र.छात्राओं द्वारा एकल गायन में कार्यक्रम का संयोजन व संचालन पूर्व प्राचार्य राजेन्द्र कौर लाम्बा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ जिसमें वर्ग अ में अपेक्षा बर्मन मध्य रेल्वे स्कूल एनकेजे प्रथम स्थान वेदांश झामनानी डायमंड स्कूल द्वितीय स्थान दर्श पाण्डेय एकेडमी डाइट्स स्कूल तृतीय स्थान एवं आयुष मिश्रा अनामिका स्कूल को सांत्वना पुरूस्कार प्राप्त हुआ।

वर्ग ब में सृष्टि दहायत केन्द्रीय विद्यालय एनकेजे को प्रथम स्थान भूमिका बंशकार केसीएस माध्यमिक शाला को द्वितीय स्थान अविका दुबे अनामिका एकेडमी स्कूल को तृतीय स्थान एवं वंशिका ठाकुर अनामिका स्कूल को सांत्वना पुरूस्कार प्राप्त हुआ।

वर्ग स में आशुमिता राठौर केन्द्रीय विद्यालय एनकेजे को प्रथम स्थान वंशिका सिंह केसीएस उच्चतर माध्यमिक शाला को द्वितीय स्थान दीपक विश्वकर्मा रविन्द्रराव उच्चतर माध्यमिक शाला को तृतीय स्थान एवं दुर्गेश कुशवाहा साधूराम उच्चतर माध्यमिक शाला को सांत्वना पुरूस्कार प्राप्त हुआ।

---

## जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के सुचारू क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति का गठन किया गया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा गठित समिति के अध्यक्ष कलेक्टर होंगे तथा समिति में सदस्य सचिव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सहित सदस्य के रूप में विकास विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, प्रफुल्ल श्रीवास्तव डीआईओ, उमेश नामदेव एसडीओ बीएसएनएल, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, समस्त जनपद पचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित दिनेश विश्वकर्मा जिला प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन विभाग होंगें ।

जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति द्वारा संपूर्ण जिले के लिए आई.ई.सी वैन का तिथिवार, पंचायतवार रूट चार्ट एवं कार्यक्रमो का निर्धारण किया जाकर विकासखण्ड स्तरीय, नगरीय निकाय समिति, ग्राम पंचायत समिति से समसन्वय कर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए है। विदित हो कि शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार भारत सरकार एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समबद्ध तरीके से पहुच सके इस हेतु नागरिकों को उपलब्ध लाभों और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूक करने एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाये जाने के उद्धेश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की जा रही है।

**खबर संक्षेप**

## 131.37 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**कटनी।** शहडोल सांसद श्रीमती हिमांद्री सिंह, विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक, कटनी मुडवारा विधायक संदीप जायसवाल एवं बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांण्डेय की अनुशंसा पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बस्ती विकास एवं विद्युतीकरण योजना नियम 2018 के तहत अनुसूचित जाति बस्ती विकास मद अंतर्गत कुल 131.37 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। जिला संयोजक अनुसूचित जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि जारी स्वीकृति अनुसार जनपद पंचायत कटनी, रीठी, बड़वारा, विजयराघवगढ़, बहोरीबंद एवं ढीमरखेडा ग्राम पंचायतों में 32.48 लाख रूपये एवं अनुसूचित जनजाति बस्ती विकास मद अंतर्गत 12 ग्राम पंचायत में राशि रूपये 98.89 लाख रूपये के सामुदायिक भवन, सी.सी.रोड सह नाली निर्माण कार्य स्वीकृत की जाकर प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

## प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, छोटे व्यापार वालों के लिए लाभप्रद

**कटनी।** केन्द्र प्रवर्तित प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में शहरों में सड़कों के किनारे छोटे-मोटे काम धंधे करने वालों को बिना किसी गारंटी के 10 हजार रूपए की कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराई जाती है। प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना में प्रदेश सरकार द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स को बिना किसी ब्याज के 10 हजार रूपए की कार्यशील पूंजी मिल रही है। योजना का लाभ लेने के लिए प्रत्येक हितग्राही को डिजिटल ट्रांजेक्शन से जोड़ने के लिए यूपीआई-आईईडी और यूआर कोड उपलब्ध कराया गया है। डिजिटल ट्रांजेक्शन पर प्रतिवर्ष 1200 रूपए की अतिरिक्त राशि दी जाती है। अगर हितग्राही द्वारा समय पर ऋण चुका दिया जाता है तो उसे वर्ष में 20 हजार रूपए की कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराई जाती है। जैसे-जैसे स्ट्रीड वेंडर अपना कार्य आगे बढ़ायेंगे वैसे ही उनको मदद बढ़ती जाएगी और वे आत्म निर्भर होते चले जाएंगे। चाय-पान की दुकान, चाट, मूंगफली बेचने, पंचर बनाने, जूते सुधरवाने, सैलून चलाने या झाड़ू बेचने आदि का कार्य करने वाले कई नागरिकों को योजना में लाभांवित किया जा चुका है।

## 25 दिसम्बर से शुरू होगी संतोष ट्रॉफी

**ढीमरखेड़ा।** उमरियापान के अँधेली बाग खेल मैदान में आगामी 25 दिसम्बर से लैदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता होगी। यह प्रतियोगिता मुरारी लाल चौरसिया की स्मृति में खेल विकास समिति सदस्यों के द्वारा आयोजित की गई है। प्रतियोगिता में कटनी, सिहोरा, जबलपुर, रीवा, नागौद, उमरिया, विंध्य, कटंगी, बनखेड़ी पिपरिया, नागपुर, भोपाल, बनारस, नरसिंहपुर सहित अन्य शहरों की टीमें शामिल होगी। खेल विकास समिति सदस्यों ने प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां शुरू कर दिया है।

## कलेक्टर ने मंत्रमुग्ध हो सुना दृष्टिबाधित प्रेम सुख से देवी गीत

**कटनी।** बहोरीबंद तहसील के खड़रा दुर्गा मंदिर में मॉ जगदंबे का दर्शन पूजन करने पहुंचे कलेक्टर अवि प्रसाद यहां के स्थानीय दृष्टिबाधित दिव्यांग प्रेम सुख वासुदेव के वादन और गायन कला के मुरीद हो गए। कलेक्टर श्री प्रसाद ने प्रेम सुख के गाये भजन को सुना। प्रेम सुख के सधे हाथों से ढोलक पर थाप पडते ही गूंजे सुरों और संगीत के साथ दिव्यांग प्रेम सुख के गले से निकली सुरीली आवाज पर मंत्रमुग्ध हो कलेक्टर श्री प्रसाद ने पूरी तल्लीनता से देवी गीत सुना। दिव्यांग प्रेम सुख की गायन और वादन कला से खासे प्रभावित कलेक्टर श्री प्रसाद ने प्रेम सुख के गीत और संगीत की जमकर सराहना की और शाबाशी दी। प्रेम सुख द्वारा कलेक्टर को सुनाये गये देवी गीत के बोल थे............ कहँ जाये मैया ........ कहँ जाये मैया.......... आसन छोंड कहँ जाये मैया .............. जिसे सुनकर मैहर की शारदा माता के भक्ति रस में डूबे कलेक्टर आध्यात्मिकता से भाव विभोर होकर अभिभूत हो गये । उन्होंने प्रेम सुख की गायन कला की जमकर सराहना की।

### चोरी की बाइक बेचने की फिराक में था बदमाश, पुलिस ने धर दबोचा

# पुलिस ने 3 शातिर बदमाशों के पास से बरामद किये चोरी के 7 दोपहिया वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर में दोपहिया वाहनों की बढ़ती चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन बदमाशों के पास से चोरी के 7 दोपहिया वाहन बरामद किये हैं।

नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा ने बताया की पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा वाहन चोरी रोकने व संदेहियों पर लगातार नजर रखने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक मनोज केड़िया एवं नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक आशीष कुमार शर्मा द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु टीम गठित कर क्षेत्र में लगातार मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर संदेहियों पर लगातार नजर रखी जा रही थी। फलस्वरूप 14 दिसंबर को मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को चोरी की हीरो होण्डा स्पलेण्डर मो.सा. चाण्डक चौक के पास किसी को बेचने की की फिराक में घूमते हुए पकड़ा गया।



पुलिस के मुताबिक चांडक चौक के नीचे मंदिर के पीछे वाली रोड़ में स्पलेण्डर मो.सा. क्र. एम.पी. 21 एमके 8044 लिए पकड़े गए लगभग 25 वर्षीय धनेश पिता रमेश यादव ग्राम पटवारा थाना कुठला को थाने लाकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उक्त आरोपी ने बताया कि मो.सा. दि. 30 नवंबर 23 की शाम करीब 06.30 बजे गजानन काम्पलेक्स के सामने से चोरी किया था। जिसे किसी को बेचने के लिए लाया था। अन्य चोरियों के संबंध में पूछने पर हीरो होण्डा सीडी डीलक्स क्र एम.पी. 21एम ए 6784 एल. आई.सी के पीछे नई बस्ती कटनी से चोरी करना व खिरहनी ओवर ब्रिज के नीचे खड़ी मो.सा. के बीच में रखना बताया। आरोपी धनेश यादव के कब्जे से दोनों मो.सा. जप्त की गई।

वाहन चोरी के अन्य आरोपियों को जानने पहचानने के संबंध में पूछने पर आकाश यादव पिता अनिल यादव उम्र 21 वर्ष तथा पंकज यादव पिता हीरा लाल यादव उम्र 19 वर्ष दोनों नि. ग्राम लमतरा थाना कुठला के द्वारा भी वाहन चोरी के अपराधों में संलिप्ता होना बताया। आकाश यादव, पंकज यादच को अभिरक्षा में लेकर चोरी गई मो.सायकलों के संबंध में पूछताछ करने पर आकाश यादव के कब्जे से चोरी की 03 मो.सा. तथा पंकज यादव के कब्जे से चोरी की 02 मो.सा. जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से कुल 07 मोटर सायकलें कीमती 05 लाख रू का जप्त किया गया है। अरोपियों को न्यायालय पेश किया गया है।

कार्यावाही में विशेष भूमिका कोतवाली निरीक्षक आशीष कुमार शर्मा, उनि. अरूणपाल सिंह, सउनि, कप्तान सिंह, प्रहलाद पैकरा, प्र.आर. अनुराग सोनकर, सूर्यकांत त्रिपाठी, पुष्पराज सिंह, वीरेन्द्र सिंह, अनिल सेंगर, आर. मोहन मण्डलोई, दिनेश चंद सेन, आर. चालक विकास राय की अहम भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा पूरी टीम को नगद पुरूष्कार से पुरूष्कृत करने की घोषणा की है।

## खुले में मांस, मछली बिक्री प्रतिबंधित, चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खुले में मांस मछली विक्रय को प्रतिबंधित कर कार्यवाही के संबंध में आयुक्त कक्ष में राकेश चौरसिया, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा, विनोद कुमार शुक्ल आयुक्त नगर निगम कटनी तहसीलदार अग्रवाल एवं पशु चिकित्सा अधिकारी पीडी सोनी की संयुक्त बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी अधिकारियों द्वारा सभी दुकानदारों को समझाइश दी गई है कि शासन के निर्देशों के पालन में शहर के खुले स्थानों में मांस, पशु, मछली विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है।

तत्संबंध में 15 से 24 दिसम्बर तक अभियान चलाया जायेगा। शासन के निर्देशों का पालन न करने वाले दुकानदारों पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। बैठक में उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार, कार्यपालन यंत्री राहुल जाखड, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, अतिक्रमण निरीक्षक शैलेन्द्र प्यासी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रहीं।

## पेंशन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने समग्र पोर्टल पर ई-केवाईसी करायें

**कटनी।** योजना प्रभारी नगरपालिक निगम कटनी द्वारा बताया गया कि शासन के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की पेंशन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हितग्राहियों से आग्रह है कि शासन द्वारा दिनांक 01 अप्रैल 2023 से यह आवश्यक किया गया है कि हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवाईसी होना आवश्यक है। वीड़ियो कान्फ्रेंसिंग में दिये गये निर्देशानुसार 31 दिसम्बर 2023 तक पेंशन प्राप्त कर रहे हितग्राहियों द्वारा समग्र पोर्टल आई डी में आधार ई-केवाईसी होना आवश्यक है। ई-केवाईसी न कराये जाने पर उनकी पेंशन बंद की जा सकती है। अतः शहर के सभी हितग्राहियों से आग्रह है कि आधार समग्र पोर्टल पर समग्र आईडी में आधार ई-केवाईसी करायें। ताकि शासन की पेंशन योजनाओं का लाभ सरलता से प्राप्त होता रहे।

*निरीक्षण के दौरान पाया था गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य*

## कलेक्टर ने गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य के लिए उपयंत्री को जारी किया नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास खितौली के बाउण्ड्रीवाल के गुणवत्ताहीन कार्य का कार्यपालन यंत्री से प्रतिवेदन के बाद उपयंत्री अंकित राठौर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि अत्यंत गुणवत्ताहीन फ्लाई ऐश ब्रिक्स का उपयोग करनें तथा निर्धारित टी.एस अनुसार कॉलम के सरिया में 15 सेंटीमीटर की स्पेसिंग में 25 सेंटीमीटर की जगह 8 एमएमओ का लगाकर कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास खितौली की गुणवत्ताविहीन बाउन्ड्रीवाल का निर्माण होनें का नियमित निरीक्षण न करना पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं शासकीय कार्य संपादन में कोई रूचि नहीं लिया जाना दर्शाता है।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने उपयंत्री अंकित राठोर द्वारा पदीय लापरवाही, उदासीनता एवं अनुशासन के कृत्य को मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1956 में वर्णित प्रावधानों के विपरीत अवचार एवं कदाचरण की श्रेणी में मानते हुए जारी कारण बताओ नोटिस का सकारण जवाब 3 दिवस में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

विदित हो कि कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास खितौली में खनिज प्रतिष्ठान मद से 44.33 लाख रूपये की लागत से बाउंड्रीवाल का निमार्ण कराया जा रहा है। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा विगत 7 दिसंबर को कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास के निरीक्षण के दौरान बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य का जायजा लिया था और कार्यपालन यंत्री से प्रतिवेदन मांगां था। निरीक्षण के दौरान गुणवत्ताहीन ब्रिक्स एवं निर्धारित मानक अनुरूप सरिया का उपयोग नहीं होना पाया गया था।

## जिला स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता



शरद चौबे की पुण्य स्म्रति में चल रहे जिला स्तरीय लाल टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगता का तीसरा सुपर लीग मैच स्लीमनाबाद और सनकुई के बीच खेला गया जिसमें सनकुई टीम से टॉस जीता और पहले फिंल्डिंग का निर्णय लिया। स्लीमनाबाद टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। स्लीमनाबाद ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 133 रन बनाए। सनकुई टीम को 134 रनों का लक्ष्य दिया। सनकुई टीम मात्र 80 रन ही बना सकी। टीम मात्र 14 ओवर ही खेल सकी। इस तरीके से इस मैच को स्लीमनाबाद टीम ने 53 रन से जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे पवन दुबे जिन्होंने पहले बल्ले से 06 रन बनाए वही गेंदबाजीमें 03 सफलताए अपनी टीम दिलाई। मैच के मुख्य अतिथि मोहन मिश्रा सरपंच कूम्ही सतधारा, मोहम्मद रजा साहनी, संजय दीक्षित,धन्यकुमार पटेल रहे। मैच के निर्णायक प्रिंस गौतम,मनीष पटेल रहे। कमेंट्री का भार सुरेश बर्मन, पिंटू पटेल,संतोष दुबे पर रहा। स्कोरिंग में शनि पटेल, बिट्टू बैरागी रहे।

## उपार्जन केन्द्र कुआं का किया निरीक्षण, गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने गत शाम कुआं उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। केन्द्र में उपस्थित किसानों से चर्चा कर खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ली तथा उपस्थित अधिकारियों को उपार्जन में धान की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखनें तथा मानक अनुरूप गुणवत्ता नहीं पाए जाने पर संबंधितों की जिम्मेदारी निर्धारित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उपार्जित धान की गुणवत्ता देखी तथा नमी मीटर के माध्यम से सत्यापन किया।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने निर्देशित किया कि किसानों को उपार्जन की प्रक्रिया तथा स्लॉट आदि के संबंध में समय पूर्व जानकारी प्रदान करें।



धान खरीदते समय तौल का विशेष ध्यान रखें। उपार्जन के साथ ही टैगिंग का कार्य पूर्ण करें। उपार्जित धान खुले में न रखें। उन्होंने धान की सुरक्षा के लिए किए गए इंतजाम की भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि खरीदी के साथ ही भुगतान के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। बारदानों की उपलब्धता पर नजर रखें। उपार्जन के साथ ही परिवहन पर भी फोकस करें। कलेक्टर श्री प्रसाद ने संबंधित अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इस दौरान एस.डी.एम बहोरीबंद प्रदीप मिश्रा, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पियूष शुक्ला मौजूद रहे।

*जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की हुई समीक्षा बैठक*

## योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त, खुले बोर करें बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जल जीवन मिशन की योजनाओं के तहत जिले में कराये गए बोर कोई भी खुला न रहे। खुले बोर से किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो सके इस हेतु विभागीय अधिकारी स्थल निरीक्षण कर बंद बोर के फोटोग्राफ्स तीन दिवस के अंदर समक्ष में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं होगी। उक्त निर्देश कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा शुक्रवार को आयोजित जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक के दौरान पी.एच.ई के कार्यपालन यंत्री के.एस.डामोर एवं उस्थित विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान जिला पंचायत के सी.ई.ओ शिशिर गेमावत कार्यपालन यंत्री के. एस. डामोर सहायक यंत्री एवं समस्त अधिकारी



सम्बंधित ठेकेदार उपस्थित रहे ।

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत सभी कार्यो को समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश उपस्थित ठेकेदारों एवं विभागीय आधी कार्यो को दिए गए।

कार्यपालन यंत्री द्वारा बैठक में पीपीटी के माध्यम से बताया गया कि 204 पूर्ण हो चुकी है जिसके 87 योजनाएं ग्राम पंचायत को हस्तांतरित की जा चुकी है 42 योजनाओं का कार्य अप्रारंभ है एवं 405 योजनाओं का कार्य प्रगतिरत है । मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन के बाद जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की प्रथम बैठक में कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत समस्त ठेकेदारों एवं विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सी.ई.ओ द्वारा पूर्ण योजनाओं, हस्तांतरित योजनाओं की जानकारी सभी सहायक यंत्रियों से विकासखंडवार प्राप्त की गई ।

बैठक में उपस्थित ठेकेदारों से उनके कार्यों में आने वाली परेशानियों के बारे में जानकारी चाही गई साथ ही निर्देश दिए गए कि जल जीवन मिशन, शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है जिसका किर्यान्वयन गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाना सुनिश्चत करें । आगामी बैठकों में पूर्ण एवं सटीक जानकारी सहित उपस्थित रहने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए । ऐंसी योजनाएं जिनमें भूमि वनविभाग के अधीनस्थ है एवं जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों में उपयोग में लिया जाना है उनको चिन्निहित कर एवं विद्युत कनेक्शन हेतु शेष स्कूल एवं आंगनवाड़ी की जानकारी पत्र के माध्यम से सीईओ जिपं को सूचित करते हुए कार्यों को प्रगति देने हेतु निर्देशित किया गया है ।

### स्लीमनाबाद- बहोरीबंद के 7 गांवों में पहुंचे कलेक्टर, छात्रों को पढ़ाई में मेहनत करने की दी सीख

# कलेक्टर ने छपरा स्कूल पहुंचकर पूछे सवाल, जवाब देने में बगलें झांकते नजर आये विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने स्लीमनाबाद-बहोरीबंद क्षेत्र के 7 ग्रामों का भ्रमण कर स्कूलों में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों के मद्देनजर छात्रों की तैयारियों और शैक्षणिक व्यवस्था का जायजा लिया और जल जीवन मिशन, किसान चौपाल, छात्रावास का निरीक्षण और निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एस.डी.एम बहोरीबंद प्रदीप मिश्रा मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने स्लीमनाबाद स्थित कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मिशन -45 के तहत बोर्ड परीक्षओं की तैयारी हेतु किये जा प्रयासों से अवगत हुए और छात्राओं को कड़ी मेहनत करने प्रेरित किया।

कलेक्टर के प्रयासों से यहां शुरू हुए पुस्तकालय का अवलोकन किया और संवाद किया। इस दौरान छात्राओं ने कलेक्टर को शिक्षाप्रद कहानी सुनाई।

संवाद के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास स्लीमनाबाद की दसवीं कक्षा की छात्रा साक्षी यादव ने कलेक्टर श्री अवि प्रसाद से पूछा सर आप कलेक्टर कैस बने ? तब श्री प्रसाद ने बड़ी सहजता से साक्षी को पहले अभी 12वी की परीक्षा में ध्यान केंद्रित कर मेहनत करने की बात कही और फिर उन्होंने आगे की पढ़ाई के टिप्स दिए। छात्रा ने कहा कि मुझे आपसे हौसला मिला है में आगे खूब मन लगाकर पढाई करूंगी और कलेक्टर बनूंगी।

### लग रहीं रेमेडियल कक्षायें

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया चर्चा के दौरान छात्र-छात्राओं ने बताया कि छात्रावास प्रबंधन द्वारा उन्हें समुचित



सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। छात्रावास में रेमेडियल कक्षायें लगाई जा रही हैं तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराई जा रही है। कलेक्टर ने छात्रावास का निरीक्षण कर छात्रावास के किचन, शयन कक्ष एवं लायब्रेरी का भी निरीक्षण किया तथा छात्रावास के व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने छाक्षाओं के साथ बैठकर दोपहर का भोजन भी किया। भोजन करने के बाद कलेक्टर ने अपनी थाली उठाकर खुद बर्तन धुलने की जगह पर अपनी थाली ले जाकर रखी।

कलेक्टर श्री प्रसाद ग्राम छपरा के हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंचे । यहां पर कक्षा दसवीं और बारहवीं के छात्रों से उनकी तैयारी के बारे में जानकारी ली। जिसमे कुछ प्रश्नों के जवाब में केवल एक ही छात्रा ने जवाब दिया और बाकी सभी छात्र -छात्रा ने कोई जवाब नहीं दिया। इसको लेकर कलेक्टर ने शिक्षक राजेश विश्वकर्मा को फटकार लगाई और कहा कि क्लास में एक बच्चे के पास होने से बात नहीं बनेगी , छात्रों पर और ध्यान दें और कड़ी मेहनत करने की जरूरत है।

### कलेक्टर ने खिलाया गुलाब जामुन

कलेक्टर ने कुँआ में मौजूद ग्रामीणों से संवाद किया। ग्रामीणों से चर्चा करते-करते वे यहां के प्रसिद्ध गुलाब जामुन की दुकान पहुंचकर खुद भी गुलाब जामुन की मिठास और जायके का आनंद लिया और स्थानीय लोंगो को भी गुलाब जामुन खिलाएं और गुलाब जामुन खिलाया और सभी लोगों का भुगतान स्वयं कलेक्टर श्री प्रसाद ने किया।

उसके बाद नीमखेड़ा पहुंचकर धान खरीदी केंद्र का जायजा लिया उपस्थित किसानों से समस्याएं पूछा तो किसानों ने किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होने की बात कही।

### कजरवारा पहुंचकर लगाई चौपाल, किया संवाद

कलेक्टर श्री प्रसाद कजरवारा में आयोजित किसान चौपाल पहुंचे और किसानों से संवाद किया। चौपाल में कलेक्टर श्री प्रसाद का भव्य स्वागत हुआ और यहां पूर्व शिक्षक लल्ली बाजपेई ने कलेक्टर के सम्मान में शायरी के माध्यम से तारीफ करते हुए कहां की कटनी जिले में अब तक उन्होंने पहले ऐसा कलेक्टर नही देखा। ये कलेक्टर हमारे गांव कजरवारा में 30 सालों के बाद आने वाले पहले कलेक्टर है।खाद- बीज की उपलब्धता की जानकारी ली और यहां मौजूद छात्रों को पढ़ाई में खूब मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### ऑटो ने बाइक सवार जीजा-साले को मारी टक्कर

**मण्डला।** बाइक सवार दो युवक जो रिश्ते में जीजा साले हैं उन्हें ऑटो ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवकों को चोट आई है। एक का पैर टूट गया है। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार हादसा डिंडोरी रोड में बिनैका तिराहा के पास हुआ। भूरका टोला निवासी शिव कुमार सैयाम अपने फूलसागर निवासी जीजा केहर सिंह के साथ राशन लेकर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे ऑटो ने टक्कर मार दी और फरार हो गया। दोनों बाइक सवार युवक सामने से आ रही एम्बुलेंस से टकरा गए। तत्काल उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक्सरे में पता चला कि शिवकुमार के पैर की हड्डी टूट गई है। चिकित्सकों ने ऑपरेशन की बात कही है। घटना की जानकारी कोतवाली थाने में भी दी गई है।

### राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में खिलाडि़यों का चयन

**मण्डला।** राज्य स्तरीय शालेय आयु वर्ग 17 हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 15 दिसंबर से 19 दिसंबर तक शिवपुरी में आयोजित की जा रही है। जिसमें मंडला जिले स जाहिरा अंजुम, राधिका वरकड़े, सानिया मरावी, अमन राव, प्रथम रजक का चयन राज्य स्तरीय शालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता में किया गया। सभी खिलाड़ी अपनी संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी खिलाडि़यों को अच्छे खेल खेलने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरकड़े, जिला खेल अधिकारी कंधीलाल मरकाम, प्राचार्य सिस्टर ललिता कुजुर, प्राचार्य मोहम्मद रफीक खान, अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल कोच सोना दुबे, पीटी आई सोनम कछवाहा, सत्यम बर्मन, युकेश मिश्रा, शोभना कछवाहा, वजमी बैरागी, प्रखर पटेल, कमलेश रजक, समीर खान, अभिषेक यादव, अभिषेक श्रीवास, पंकज उसराठे, आकाश खत्री ने हर्ष व्यक्त किया है।

### अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा स्वयं करनी होगी-शंकराचार्य

**हरिभूमि न्यूज:मण्डला।** 17 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक श्रीअष्ट लक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण का संगीतमय आयोजन मेहर बाबा कुटी मैदान देवदरा मण्डला में किया जाना है इस पुनीत कार्य की शुरूआत के अवसर पर शुक्रवार को द्वारका शारदापीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का महिष्मति नगरी में आगमन हुआ। महाराज श्री का नगर में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। तद्उपरांत महाराज श्री को कार्यक्रम स्थल लाया गया। जहां पर धर्मप्रेमियों ने पुष्पवर्षा करते हुए उनका भव्य स्वागत किया। धर्मसभा के आरंभ में मुख्य यजमान गोवर्धन प्रसाद अग्रवाल एवं श्रीमति हेमलता अग्रवाल एवं श्री रावत ने महाराजश्री का पादुका पूजन करते हुए संकल्प लिया। महाराज श्री ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मंदिर दर्शन से पूजा का फल मिल जाता है। ओम के ऊपर की बिंदू ही मां है वेद-शास्त्रों के अनुसार आचरण करना ही मनुष्यता है। महाराज श्री ने कहा कि जब युग परिवर्तन होता है तब सब कुछ जलमग्न हो जाता है। उस समय सिर्फ के ऊपर की बिंदु का विलय नही होता यही बिंदु माँ है। जिससे पुनः सृजन होता है संसार के सभी शब्द सभी प्रत्यक्ष-प्रत्यक्ष वस्तु भी इस माँ शब्द के आगे बौने है। सनातनी हिन्दू हो तो पूजा पद्धति का ज्ञान आवश्यक है। वेद-शास्त्रों के अनुसार आचरण जरूरी है पूजा करना करवाना यज्ञ करना करवाना, गौ सेवा करना गौदान करना आवश्यक है। यह भी कहा कि अध्यात्म में मनुष्य तीन प्रकार के कर्म करता है। धार्मिक कार्य यज्ञ अनुष्ठान इत्यादि इष्ट कर्म होते है। मंदिर, अस्पताल,स्कूल आदि का निर्माण करवाना पूरित कर्म होते हैं। वहीं यज्ञ, अनुष्ठान की दक्षिणा के बाद दी जाने दक्षिणा दत्त कर्म कहलाते हैं। बड़े भाग्य से ये मनुष्य तन प्राप्त हुआ है। वेद शास्त्रों के अनुसार चलना ही मनुष्यता है। मोक्ष प्राप्ति के लिए ही मनुष्य रूप मिला है लेकिन सत्कर्म करोगे तो मोक्ष मिलेगा। अगर सत्कर्म नहीं करोगे, तो अनेक योनियों में भटकना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा करना राजा का काम हैं राजा अगर अच्छा है तो धर्म और सनातन दोनो बचे रहेगे वहीं उन्होंने स्कूलों में धार्मिक पढ़ाई न होने पर चिंता भी व्यक्त की उनका मानना है स्कूलों में धार्मिक पढ़ाई भी होनी चाहिए।

### प्रशासन का नहीं ध्यान, लोग हो रहे परेशान

# ओवर लोडिंग भूसा वाहनों से सड़क पर आए दिन लग रहा घंटों जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जबेरा जनपद के सभी थाना क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में लगातार ओवरलोड भूसा वाहनों के निकलने पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। रोजाना ओवरलोड वाहन ग्रामों से गुजरते हैं। ताजा मामला है साप्ताहिक बाजार के दिन बनवार में देखा गया जहा भूसा से भरे वाहन सड़क मार्ग ट्रैफिक जाम होता रहा। इस समस्या से निपटने के लिए प्रशासन कोई ठोस उपाय नहीं किया गया। हालांकि समय समय भूसा से भरे वाहनों पर कार्रवाई के बावजूद ओवरलोडिंग भूसा बहनों पर किसी तरह का लगाम नहीं लगाया जा सका है। बनवार मुख्यालय में शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दिन क्षेत्र के करीब दो दर्जन गांव के लोग अपने जरूरत का सामान खरीदने पहुंचते हैं, लेकिन साप्ताहिक बाजार के दिन सड़क मार्ग से भारी भरकम वहां गुजरते हैं तो जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। ऐसा ही कुछ शुक्रवार को देखने मिला। जब एक भारी मात्रा में भूसा से भरी ट्रेक्टर ट्राली सड़क मार्ग से गुजरी,तो बस स्टैंड पर सड़क मार्ग में जाम के हालात बन गए। वही बाजार करने आए लोगों को एवं दो पहिया वाहनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बनवार बस स्टैंड पर यह हालत रोजाना निर्मित होते है,जिसके बाद भी स्थानीय प्रशासन द्वारा भूसे से भरे ओवरलोड वाहनों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है।गौरतलब है कि मार्ग पर दिन-रात भूसा से भरे भारी वाहन निकलते हैं। ओवरलोड होने के लिए अक्सर मेन रोड पर बाजार में मार्ग पर जाम लग जाता है। इससे छोटे वाहन सवारों को आवागमन में परेशानी होती है।

## अक्षत कलश के साथ नगर में निकली भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

अयोध्या राम जन्म भूमि से आए पूजित अक्षत कलश को लेकर एक कलश यात्रा पूजन कर जबेरा नगर में निकाली गई। कलश शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु भगवान श्री राम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा का नगर के मुख्य मार्गो पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। बता दें 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे श्री राम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया जायेगा जहां भगवान रामलला विराजमान होने वाले हैं, जिसकी खुशी जबेरा सहित समूचे देश में देखी जा सकती है। खुशी के साथ में इस कलश शोभायात्रा में संत-महात्मा, मातृशक्ति, युवा साथी राजनीतिक क्षेत्र से अनेकों लोग मौजूद हुए।

## अगर हमसे से गलती हो जाए तो उसका प्रायश्चित जरूर करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

ग्राम के राजपूत परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दूसरे दिन कथा प्रवक्ता बालव्यास पं.ऋषिकांत गर्ग जी महाराज ने कहा कि मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं। लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है। कथा व्यास ने पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दर्शाया। कहा कि परीक्षित कलियुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हो जाते हैं। उसी के पश्चाताप में वह शुकदेव जी के पास जाते हैं। भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है। साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती है।कथा व्यास ने कहा कि द्वापर युग में धर्मराज युधिष्ठिर ने सूर्यदेव की उपासना कर अक्षयपात्र की प्राप्ति किया। हमारे पूर्वजों ने सदैव पृथ्वी का पूजन व रक्षण किया। इसके बदले प्रकृति ने मानव का रक्षण किया। भागवत के श्रोता के अंदर जिज्ञासा और श्रद्धा होनी चाहिए। परमात्मा दिखाई नहीं देता है वह हर किसी में बसता है इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थित रही।

## कांग्रेसजनों ने बल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई



**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पदाधिकारियों ने आजाद भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की 73वीं पुण्यतिथि उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए मनाई। उक्त अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि वह देश के प्रथम गृहमंत्री थे उन्हें लौह पुरूष के नाम से भी जाना जाता था वह एक मजबूत अडिग और दृढ़ संकल्पित व्यक्तित्व के धनी थे। सतीश जैन, आशीष पटेल, प्रफुल्ल श्रीवास्वत, भूपेन्द्र आजमानी, अरूण मिश्रा, बबलू भटट ने उनके चित्र पर पुष्पांजली अर्पित करते हुए कहा कि राजनैतिक इतिहास में उनके द्वारा दिये गये योगदान को भुलाया नहीं जा सकता इसीलिये ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें लौह पुरूष की उपाधि दी थी। इस अवसर पर अनुज ठाकुर, कैलाश राय, लोकेन्द्र सिंह, इनायत अली, राजा खान, ब्रजेन्द्र तिवारी, राजेश साहू सहित अनेक कांग्रेसजनों की उपस्थित रही।

## अयोध्या से आये अक्षत कलश का हुआ पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

भारत के गौरव और सनातन धर्म का प्रतीक अयोध्या से चलकर पूजित अक्षत का कलश जब जबेरा में पहुंचा तो मानो यहां के लोगों को भगवान श्री राम मिल गए। जिसका पूजन मार्ग में जगह जगह पर भव्यता से हुआ। दरअसल काफी समय के बाद लोगों के हृदय में निवास करने वाले श्री राम का भव्य मंदिर अयोध्या में बन रहा है. जिसको लेकर आज पूरा देश भक्ति में डूब चुका है। काफी समय इंतजार के बाद आज राम जन्मभूमि पर लोगों के हृदय में निवास करने वाले श्री राम का प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रहा है. जिससे करोड़ों श्रद्धालुओं का आस्था जुड़ा हुआ है। बनवार उप खंड बनवार घटेरा रोड़ बम्होरी चौपरा में अक्षत कलश आज श्री राम मंदिर को लेकर पहुंचे और जिस प्रकार से लोगों का सपना साकार हुआ है। कहीं न कहीं सभी का हृदय प्रफुल्लित है। जब अयोध्या से चलकर राम जन्मभूमि का अक्षत कलश जनपद जबेरा के उपखण्ड के दर्जनों में पहुंचा तो मानो जनपद वासियों को भगवान श्री राम ही मिल गए. पूरा जनपद ही भक्ति में डूब गया। हर किसी के हृदय में निवास करने वाले राम का यह कलश खुशी का माहौल उत्पन्न कर दिया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा हेतु ली बैठक



**हटा।** केंद्रीय योजनाओं को अंतिम छोर के जरूरतमंद व्यक्ति को पहुंचाने के लिए अंतिम तैयारियां हेतु शुक्रवार को जनपद पंचायत के सभागार कक्ष में पंचायत निरीक्षक राजेश पाराशर एवं विकासखंड स्वच्छता समन्वयक अमित सोंधिया द्वारा समस्त पंचायत के सचिवों की बैठक आयोजित की गई जिसमें विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम हटा विकासखंड के अंतिम छोर पर बसे वर्धा ग्राम पंचायत से शुभारंभ कर कार्यक्रम चलाया जाएगा एवं निर्धारित तारीखों में सभी ग्राम पंचायत में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित हटा विकासखंड की सभी ग्राम पंचायत के सचिवों को निर्देशित करते हुए पंचायत निरीक्षक राजेश पराशर ने बताया कि केंद्रीय योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने और नवाचारी योजनाओं से देश में हुए विकास से आम लोगों को परिचित कराने के लिए प्रदेश के साथ ही हटा विकासखंड में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यह यात्रा आज शनिवार से ग्राम पंचायत वर्धा से प्रारंभ होकर क्षेत्र के अन्य ग्रामों से गुजरेगी और केंद्रीय योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित करवाएगी। उन्होंने बताया कि समस्त विभागों की यात्रा में अहम भूमिका रहेगी। इस संबंध में दमोह कलेक्टर द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। बैठक में पंचायत निरीक्षक पाराशर ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थलों पर स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे इनमें सामान्य स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। यात्रा के दौरान आयोजित सभा स्थलों पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों के आवेदन भी प्राप्त किए जाएंगे साथ ही ऐसे किसान, पशुपालक मछुआरे जिनके पास क्रेडिट कार्ड नहीं है उनके आवेदन लेने और संबंधित बैंकों से समन्वय कर क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने की कार्यवाही भी की जाएगी। कैंप में आधार कार्ड के अपडेशन का कार्य और विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ भी वितरित किया जाएगा।

## भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया





**हिण्डोरिया।** स्थानीय राधे गोविंद की बगिया में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के आज चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मथुरा से पधारे कथावाचक चैतन्य हरि चरत जी महाराज ने कहा कि जिस समय भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ था तो अपने आप जेल की ताले टूट गए थे। और सभी पहरेदार अचेत हो गए थे। वासुदेव जी एवं माता देवकीनंदन बंधन मुक्त हो गए। यह सब प्रभु की कृपा से ही संभव हो सका। कथा वाचक ने आगे कहा कि भगवान श्री कृष्णा ने जेल में वासुदेव के यहां पर अवतार लेकर संतों एवं भक्तों का सम्मान बढ़ाया। उन्होंने आगे कहा कि अपने अंदर बुराई विधमान ना रहे। इसके लिए संतों एवं सत्संग का मार्ग अपनायें । जब भक्ति मार्ग में भक्त लीन रहते हैं। तभी प्रभु के दर्शन होता है। जब कंस ने सभी मर्यादाएं तोड़ दी तो प्रभु श्री कृष्ण का जन्म हुआ था। उन्होंने आगे कहा कि 84 लाख योनियों से भटकने के बाद जीव को मानव रूपी तन की प्राप्ति होती है। मगर अज्ञानी मनुष्य इसके महत्व को नहीं समझ पाते। भागवत कथा सुनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है । एवं भागवत कथा का यज्ञ करने से इलाके का वातावरण शुद्ध हो जाता है। और देवता प्रसन्न होते। कथा के दौरान श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम के साथ इस मौके पर अवसर पर मनाया गया। कार्यक्रम में भारी आतिशबाजी के साथ बरेदी नृत्य कलाकारों व्दारा किया गया। इसके अलावा भगवान श्री कृष्ण , वासुदेव की सुन्दर झांकी भी बजायी गई। गोकुल में नंद के आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की, आदि बधाई गीत सहित अनेक भजनों को सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।

## जन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



**दमोह। गऊपुरा** स्थित मलिन बस्तियों में टीबी जन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें डीपीसी दीपक सिंह राजपूत ने उपस्थित सभी माता बहनों को टीबी की बीमारी के बारे में विस्तार से बताया। जिसमें दो हफ्ते या 14 दिन से ज्यादा खांसी, बलगम में खून आना, वजन कम होना, भूख कम लगना एवं पसीना देकर बुखार आना आदि लक्षणों को बताया। श्री राजपूत ने बताया कि हमारे दमोह जिले में 16 दिसंबर से विकसित भारत संकल्प यात्रा दमोह कलेक्टर मयंक अग्रवाल के नेतृत्व में सभी ब्लॉकों में आयोजित हो रही है। जिसमें प्रत्येक रूट चार्ट अनुसार एक दिन में दो जगह कैंप का आयोजन सुबह 9:30 से 1:30 तक एवं 1.30 से 5. 30 तक किया जाएगा, जिसमें आप सभी माताएं बहनों से आग्रह है, कि जिस भी नागरिक को उक्त टीबी के लक्षण या इनमें से कोई एक लक्षण है तो वह अपने बलगम की जांच उक्त विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ऑन स्पॉट भी करा सकते हैं। साथ में जिन्हें एन. सी. डी. अर्थात डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, कैंसर आदि बीमारियां है। उनका भी निदान कैंप में किया जाना है। शासन का मुख्य उद्धेश्य यही है कि प्रत्येक बीमारी के बारे में आप सभी को जानकारी हो, ताकि समय रहते इलाज देकर निरोग किया जाए। सभी तरह की जांच, दवाइयां निशुल्क दी जाती हैं एवं टीबी के मरीज का जब तक इलाज चलता है, तब तक उसके खाते में डीबीटी के माध्यम से 500 आते हैं। एवं गरीब टीबी मरीज को किसी जनप्रतिनिधि, समाज सेवी या स्वयंसेवी संस्था के माध्यम से नि - क्षय मित्र बनकर गोद लिया जाता है। और उन्हें इलाज के दौरान ३फूड बॉस्केट३ निःशुल्क वितरित की जाती है, आप सभी से आग्रह है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक विकसित भारत संकल्प यात्रा जो 16 दिसंबर 23 से 26 जनवरी 2024 तक आयोजन की जानकारी दें और जिन मरीजों का इलाज चल रहा है, उन्हें शासन की मनसा अनुसार प्रत्येक सुविधा सरलता से मिले, इसके लिए आप सभी जागरूक रहें, जो मरीज नोटिफाई हो चुके हैं। जिनका इलाज चल रहा है उन्हें आरोग्य सेतु एप अपने मोबाइल में डाउनलोड करना है, ताकि ऐप के माध्यम से उनकी सभी समस्याओं का समाधान हो जाय है, **glra** के ग्रुप लीडर राहुल सिंह परिहार ने सभी उपस्थित माता बहनों को दवाइयां से संबंधित जानकारी की प्रचार प्रसार सामग्री वितरित की एवं किसी भी व्यक्ति को खासी , छिक आती है तो रुमाल या गमछा लगा ले, रोगी यहां वहां ना थूके. समय से अपनी जांच करती रहे। श्री परिहार ने बताया कि टीबी का उन्मूलन मिशन 2025 में किया जाना है, जिसके लिए माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए आप सभी टीबी रोग के प्रति जागरूक रहे और जरूरत मंदो को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाए।

## चौथे दिन जारी रही हड़ताल



**दमोह।** इंकलाब जिंदाबाद भारत माता कि जय ळबै एकता जिंदाबाद जैसे जोश से भरपूर नारों के साथ दमोह डाक विभाग मेन गेट पर शाखा सचिव वीरेन्द्र राजपूत, देवी सिंह,तुलाराम कुर्मी, नरेंद्र जैन , बुद्धि प्रकाश,कैलाश यादव ,सुखचौन, बेनी प्रसाद, क्रष्ण मुरारी जी, रामकुमार खरे, आकाश पटेल गोविंद रैकवार योगेश तिवारी, निशांत श्रीवास्तव, आशीष कुमार आदर्श, सौरव राही, अंजनी पटेल, अनुराग अहिरवाल लक्ष्मी प्रसाद जी सहित अन्य सभी सेवकों कि उपस्थिति रही। डाक सेवकों कि मांग 8 घंटे कि ड्यूटी, ग्रेज्युटी, ग्रुप बीमा सहित अन्य सभी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। साथ ही डाक सेबकों कि इस अनिश्चितकालीन हड़ताल को देखते हुए अधिकारियों ने सेवा समाप्त करने के नोटिस भी जारी किये और मानसिक प्रताड़ति किये जाने का प्रयास भी किया।

## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स डे आयोजन हेतु निर्देश

**हिंडोरिया।** गायत्री विद्यापीठ भवन में उप तहसील हिंडोरिया प्रोप्रेसिव पेंशनर्स एसो. के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद ने सभी को 17 दिसंबर 2023 आयोजित में उपस्थित होने की अपील की है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद के अध्यक्ष ठा. हेमेंद्र सिंह रहेंगे अत सभी पेसनर्स उपस्थित रहे।

### वीरकप में बाल्मिकी 11 ने जीता मैच

**दमोह।** स्व.हरि सिंह हजारी, स्व.भोले शर्मा, स्व.प्रेमशंकर मुन्ना राय की स्मृति में संभागीय वीरकप सीजन फ्री क्रिकेट टूनामेंट का तीसरे दिन में दो मैंच खेले गये प्रथम मैंच बाल्मिकी 11 और फरहन 11 के मध्य खेला गया जिसमें बाल्मिकी क्लब ने निर्धारित 12 ओवर में 134 रन 06 विकेट पर बनाये फरहन क्लब ने निर्धारित ओवर में 06 विकेट में 122 रन बनाये जिसमें बाल्मिकी क्लब ने 12 रन से मैंच जीता। मैंच का मेन आफॅ दा मैच महेन्द्र पटैल रहे। जिन्होने 69 रन बनाकर नॉट आउट रहें, दूसरा मैंच डेविल और महेश क्लब के बीच खेला गया, प्रथम बल्लेबाजी करते हुये डेविल क्लब द्वारा 08 विकेट पर 114 रन बनाये महेश क्लब द्वारा निर्धारित ओवर में 06 विकेट पर 90 रन बनाये गये डेविल क्लब 24 रन से मैंच जीता मैंच का मेन आफॅ दा मैच ओमी डोविल को दिया गया। जिन्होनें 26 रन देकर 02 विकेट लिये। मैच के मुख्यअतिथि यशपाल सिंह ठाकुर, पार्षद एवं विक्रम सिंह ठाकुर पार्षद, राजीव बड़कुल रहें। मैच में संरक्षक राकेश सिंह हजारी एवं बबलू ठाकुर की उपस्थिति भी रही। टूनामेंट के अध्यक्ष रणवीर सिंह हजारी, मनीष शर्मा एवं चिन्टू राय एवं समस्त सदस्यों ने सभी खिलाड़ियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया गया। कल दिनांक 16 दिसम्बर 2023 को भी दो मैंच खेले जावेंगे जो प्रातः 11:30 बजे से प्रारंभ होगा।

### अधिकारियों ने पहुंचकर कार्यवाही का दिया आश्वासन

# शव वाहन चालक के सुसाइड मामले में घन्टे भर तक शव रखकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



नगर पालिका का शव वाहन चलाने वाले सुशील तिवारी द्वारा गुरुवार को फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली गई थी वहीं उन्होंने एक सुसाइड नोट लेकर अपनी मौत का जिम्मेदार नगर पालिका के पूर्व सीएमओ सहित तीन लोगों को ठहराते हुए एक सुसाइड नोट में उनके नाम लिखे थे। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद सुशील तिवारी की अंतिम यात्रा लेकर निकले उनके परिजनों के साथ क्षेत्र के लोगों ने तीन गुल्ली चौराहे पर अर्थी को रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिससे चक्काजाम के हालात बनते देर नही लगी। परिजनों को कहना था कि जिन लोगों की प्रताड़ना के चलते सुशील तिवारी को फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त करना पड़ी है उनके खिलाफ मामला दर्ज करके कार्रवाई की जाए। तीन गुल्ली चौराहा पर प्रदर्शन की सूचना मिलने पर टीआई कोतवाली विजय सिंह राजपूत, नपा सीएमओ श्रीमती सुषमा धाकड़, तहसीलदार मौके पर पहुचे तथा परिजनों से चर्चा करते हुए उनको समझाइस दी। साथ ही सुसाइड नोट की हैंडराइटिंग स्पेशलिस्ट से जांच उपरांत कार्रवाई का भरोसा दिलाया उसके बाद ही जगह जाम प्रदर्शन खत्म हुआ और परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर रवाना हुए। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका द्वारा संचालित किये जाने वाले शव वाहन को चलाने वाले सुशील तिवारी से जरूरत के अनुसार वहां का लगातार संचालन कराया जा रहा था लेकिन वेतन मानदेय आदि का नियमित रूप से भुगतान नहीं किया जा रहा था। जिस को लेकर सुशील तिवारी द्वारा तत्कालीन सीएमओ भैया लाल का बार-बार ध्यान आकर्षित करने पर उनके द्वारा मामले में मदद करने की बजाय प्रताड़ित किया जाता रहा। माना जा रहा है इसी के चलते आत्महत्या के पूर्व लिखेगा सुसाइड नोट में सुशील तिवारी द्वारा सीएमओ सहित तीन लोगों को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया गया है जिसकी अब पुलिस जांच कर रही है।

## पंजीकृत वास्तविक किसानों से ही धान खरीदी की जाये-कलेक्टर

**दमोह ।** प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य चालू है। कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने जिले के पंजीकृत वास्तविक किसानों से ही धान खरीदी सुनिश्चित करने के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा सीमावर्ती ज़िले पड़ौसी राज्यों से समर्थन मूल्य पर बेचने के लिये लाये जाने वाले धान की आवक को रोकने के लिये चौकस नाकेबंदी सुनिश्चित की जाये, मंडी में व्यापारियों द्वारा खरीदे गये धान की गोदामों में समय-समय पर निगरानी की जाये, पंजीकृत किसानों द्वारा मंडी में धान विक्रय की जानकारी संकलित की जाये ताकि एक ही किसान के नाम से मंडी और उपार्जन केन्द्र दोनों पर धान विक्रय की संभावना न्यूनतम हो, जिन वेयरहाउस में उपार्जन केन्द्र बनाया गया है, उन वेयरहाउस में पूर्व से भंडारित स्कंध का सत्यापन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने निर्देशित किया है खरीदी की सतत निगरानी की जाये और समर्थन मूल्य पर धान की खरीद में जानबूझकर अनियमितता करने वाली समितियों, स्व सहायता समूह, गोदाम संचालक एवं अन्य व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

### पेंशनर्स दिवस पर विशेष आयोजन कल

**पटेरा।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा पटेरा के तत्वावधान में पेंशनर्स दिवस पर कल रविवार को विशेष आयोजन पुरानी अस्पताल परिसर में आयोजित किया गया है। तहसील शाखा अध्यक्ष मोहन ताम्रकार ने बताया कि अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया है,। सभी पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा के पदाधिकारियों व सदस्यों से उपस्थिति की अपील श्री ताम्रकार ने की है।

### वैश्य महासम्मेलन तहसील ईकाई की बैठक कल

**पटेरा।** वैश्य महासम्मेलन तहसील ईकाई की बैठक कल रविवार को शाम चार बजे से अग्रवाल निवास पर बड़ा बाजार में आयोजित की गई है। जिसमें प्रदेश से प्राप्त कलेंडर वितरण किए जायेंगे। अन्य विषयों पर भी चर्चा कर निर्णय लिए जायेंगे। अध्यक्ष प्रकाश गुप्ता तहसील प्रभारी नरेन्द्र बजाज ने सभी पदाधिकारियों सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

## अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा निकाली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

अयोध्या में भगवान श्री रामचंद्र जी का मंदिर निर्माण तेज गति से चल रहा है जिसके आमंत्रण करने हेतू पटेरा नगर आये अक्षत कलश संकट मोचन हनुमान मंदिर पटेरा से बंसी वाले मंदिर तक धूमधाम से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गईं। डीजे बाजे के साथ बड़ी संख्या में नगरवासी शोभयात्रा में सम्मलित हुये। इसी कड़ी में संकट मोचन मंदिर में पहुंचे अक्षत कलश जिन्हें श्री बंशी वाले जी मंदिर में स्थापित किया गया। आज 16 दिसंबर बिहारी जी मंदिर, 17/18 दिसंबर जानकी रमन मंदिर, 19 दिसंबर चांडी जी मंदिर, 20 दिसंबर जैन मंदिर, 21 दिसंबर शंकर जी मंदिर, 22 दिसंबर पालीवाल मंदिर, 23 दिसंबर हरदौल मंदिर, 24/25 दिसंबर शीतला माता मंदिर, 26 दिसंबर रामकुमार मंदिर, 27 दिसंबर ताम्रकार समाज मंदिर 28 दिसंबर कलेही माता मंदिर 29 दिसंबर संकट मोचन मंदिर पर श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से प्राप्त पूजित अक्षत कलश वापस आएंगे सभी जन सामान्य आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में ग्राम से शामिल हो सके 01जनवरी से 15 जनवरी तक इस कलश में रखें अक्षत लोगों को दिये जाएंगे ताकि अपने-अपने घर अपने-अपने ग्राम से भी भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में सहभागिता दर्ज कर सके।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा आज से होगी प्रारंभ

**दमोह।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार यह/ सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध है कि प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे, इस हेतु भारत सरकार द्वारा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन राज्य सरकार की सहभागिता से किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन की सुविधायें, आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल सुविधाएं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि जैसी बुनियादी सुविधाओं प्रदान करने के लिए अपनी प्रमुख योजनाओं/ मिशन के माध्यम से संतृप्ति के लिए सभी लक्षित और पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएं सुलभ बनाना आवश्यक है। इस दिशा में नगरिकों को उपलब्ध लाभो और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित कराने, समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाने के उद्धेश्य से आज 16 दिसंबर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक रथ के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने कहा यह यात्रा प्रतिदिन अपने निर्धारित पंचायत को कवर करेगी और सभी अधिकारी निर्देशानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। सभी एसडीएम ने अपने स्तर से अधिकारियों की ड्यूटी तय कर ली है और नोडल अधिकारी की भी नियुक्ति कर लिये गये हैं। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 तक चलेगी। उन्होंने नगरीय और ग्रामीण निकायों के अधिकारियों से योजनाओं के प्रचार-प्रसार और की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में विस्तार से अवगत कराते हुए तदानुसार कार्यवाही के लिए कहा। उन्होंने कहा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) यात्रा के दौरान नोडल अधिकारी दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करायेंगे। जनपद पंचायत दमोह, हटा, पथरिया, जबेरा, तेन्दूखेड़ा, पटेरा और बटियागढ़ क्षेत्र अंतर्गत आज 16 दिसंबर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक ग्राम पंचायतों के समस्त ग्रामों में निर्धारित रूट चार्ट अनुसार यात्रा प्रवेश करेंगी, जिस हेतु अधिकारी/ कर्मचारियों की ड्यूटी तत्काल प्रभाव से लगाई गई है, संबंधित अधिकारी/कर्मचारी निर्धारित तिथि एवं समय से स्थल पर उपस्थित रहकर विकास यात्रा को सफल बनाएंगे। संबंधित ग्राम के सचिव विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रवेश के एक दिवस पूर्व ग्राम में मुनादी एवं आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तथा यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत स्तरीय निर्वाचित जनप्रतिनिधि, स्व सहायता समूह के सदस्य, जलजीवन समितियों के प्रतिनिधि, पालक शिक्षक संघ के सदस्य की भी उपस्थिति हेतु आमंत्रित करेंगे।

### आज यहां पहुंचेगी भारत संकल्प यात्रा

भारत संकल्प यात्रा आज 16 दिसम्बर को जनपद पंचायत दमोह के ग्राम पंचायत लकलका, जनपद पंचायत पटेरा के ग्राम पंचायत पटना लुहारी, जनपद पंचायत हटा के ग्राम पंचायत वर्धा, जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम पंचायत घटेरा, जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के ग्राम पंचायत पाठादो, जनपद पंचायत पथरिया के ग्राम पंचायत नरसिंहगढ एवं जनपद पंचायत बटियागढ के ग्राम पंचायत फतेहपुर में आयोजित की जायेगी।

## पंचायतों के उप निर्वाचन 2023 हेतु रिटर्निंग आफीसर एवं सहायक रिटर्निंग आफीसर नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार मध्यप्रदेश पंचायत अधिनियम में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये पंचायतों के उपनिर्वाचन 2023 (उत्तरार्द्ध) हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने अधिकारियों को रिटर्निंग आफीसर (पंचायत) तथा सहायक रिटर्निंग ऑफीसर (पंचायत) नियुक्त कर अधिकार क्षेत्र निर्धारित किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अग्रवाल ने विकासखण्ड दमोह अंतर्गत 217 पंच पद हेतु तहसीलदार दमोह को रिटर्निंग ऑफीसर एवं नायब तहसीलदार दमोह को सहायक रिटर्निंग ऑफीसर, विकासखण्ड पथरिया अंतर्गत 01 सरपंच पद ग्राम पंचायत खैजरा लखरोनी एवं 150 पंच पद हेतु तहसीलदार पथरिया को रिटर्निंग ऑफीसर एवं नायब तहसीलदार पथरिया को सहायक रिटर्निंग ऑफीसर, विकासखण्ड जबेरा अंतर्गत 05 पंच पद हेतु तहसीलदार जबेरा को रिटर्निंग ऑफीसर एवं नायब तहसीलदार जबेरा को सहायक रिटर्निंग ऑफीसर, विकासखण्ड तेंदूखेड़ा अंतर्गत 131 पंच पद हेतु तहसीलदार तेंदूखेड़ा को रिटर्निंग ऑफीसर एवं नायब तहसीलदार तेंदूखेड़ा को सहायक रिटर्निंग ऑफीसर नियुक्त किया है। इसी प्रकार विकासखण्ड हटा अंतर्गत 01 सरपंच पद ग्राम पंचायत हरदुआ सड़क एवं 76 पंच पद हेतु नायब तहसीलदार हटा को रिटर्निंग ऑफीसर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हटा को सहायक रिटर्निंग ऑफीसर, विकासखण्ड पटेरा अंतर्गत 49 पंच पद हेतु नायब तहसीलदार पटेरा को रिटर्निंग ऑफीसर एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास पटेरा को सहायक रिटर्निंग ऑफीसर तथा विकासखण्ड बटियागढ अंतर्गत 87 पंच पद हेतु तहसीलदार बटियागढ़ को रिटर्निंग ऑफीसर एवं नायब तहसीलदार बटियागढ़ को सहायक रिटर्निंग ऑफीसर नियुक्त किया है। उन्होंने संबंधित रिटर्निंग ऑफीसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफीसरों को निर्देशित किया है कि निर्वाचन की घोषणा एवं सारणीकरण संबंधी संपूर्ण कार्यवाही सुनश्चित की जाये। साथ ही अपने-अपने विकासखण्डों में निर्धारित अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत रिक्त पदों की पूर्ति किये जाने हेतु पंचायत उप निर्वाचन (उत्तरार्द्ध) वर्ष 2023 की निर्वाचन प्रक्रिया राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम समय (अनुसूची) संदर्शिका आम निर्वाचन 2022 के दौरान संबंधितों को भेजी जा चुकी है। सहायक रिटर्निंग ऑफीसर संबंधित खण्ड के रिटर्निंग ऑफीसर से प्राप्त कर निर्वाचन समाप्ति उपरांत रिटर्निंग ऑफीसर के पास जमा करेंगे।

## विधायक ने अस्पताल पहुंचकर लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक ने स्वास्थ्य सुविधाओं को जानने के लिए शुक्रवार की दोपहर सिविल अस्पताल का भ्रमण कर मरीजों से चर्चा करते हुए व्यवस्था में सुधार करने सीबीएमओ को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने सभी वार्डों में भर्ती मरीजों से चर्चा की और स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जाना। उन्होंने यह संबंध में सीबीएमओ डॉक्टर अमन श्रीवास्तव से चर्चा करने के साथ मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में पूछा एवं महिलाओं को दवा वितरण हेतु अलग काउंटर खोले जाने हेतु निर्देशित किया। वही भ्रमण के दौरान विधायक को मरीजों ने बताया कि ठंड के इस मौसम में उन्हें पर्याप्त कंबल नहीं मिल पा रहे हैं इस तरह की कई समस्याएं अस्पताल में निरीक्षण के दौरान विधायक को मिली, उन्होंने इस संबंध में कहा कि मरीज को हर संभव स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी किसी भी मरीज को परेशान होने नहीं दिया जाएगा उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकताओं में स्वास्थ्य सुविधा पहले शामिल है। स्वास्थ्य सुविधाओं को नगर से लेकर गांव तक संपन्न बनाया जाएगा वह हर सप्ताह सिविल अस्पताल पहुंचकर मरीजों से चर्चा करेंगी। वही विगत गुरुवार को अस्पताल में शव वाहन न मिलने से मृतक के परिजनों द्वारा शव को हाथ ठेला पर रखकर ले जाया गया था जो शर्मनाक है ऐसी स्थिति अब दोबारा निर्मित न हो इसके लिए उन्होंने शीघ्र ही शव वाहन की व्यवस्था बनाए जाने हेतु सीबीएमओ को निर्देशित किया। विधायक के साथ भ्रमण के दौरान भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल रहे हालांकि विधायक इसके पूर्व भी सिविल अस्पताल में पहुंचती रही, अब विधायक बनने के बाद उमादेवी खटीक लगातार अस्पताल पर ध्यान दे रही हैं यह उनका विधायक बनने के बाद पहले दौरा था।

## रेत से भरा डंपर पलटा, घंटों सड़क मार्ग रहा अवरुद्ध





**हटा।** रात के समय पड़ रही कड़ाके की ठंड में वाहन चालको की लापरवाही का खामियाजा सड़क पर दौड़ रहे वाहन चालको को उठाना पड़ता है जिसके चलते आए दिन हादसे घटित हो रहे है ऐसा ही शुक्रवार के दिन दो मामले सामने आए जहां दमोह पन्ना मार्ग पर रात्रि के समय एक कोयले से भरा दस चक्का वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटकर क्षतिग्रस्त हो गया।जानकारी के अनुसार दस चक्का वाहन बीना से अमानगंज की ओर जा रहा था तभी दमोह पन्ना मार्ग बंजारी के समीप किसी वाहन द्वारा क्रासिंग के दौरान वाहन चालक नियंत्रण खो बैठा जिससे कोयले से भरा वाहन पलटकर सड़क किनारे गिर गया गनीमत यह रही जिस समय यह हादसा घटित हुआ उस दौरान सड़क पर वाहनों का आवागमन कम होने के चलते बड़ा हादसा टल गया।वही दूसरी घटना में सुबह रेत से भरा डंफर चंडी जी मंदिर के सामने सड़क पर पलट गया। बताया जा रहा है कि रेत से भरा ओवरलोड वाहन मंदिर के सामने वाले मार्ग के आगे रेत को खाली करने जा रहा था तभी डंफर के मुड़ते समय वह नाली में धंस गया और सड़क पर पलट गया जिससे कुछ देर के लिए आवागमन अवरूद्ध रहा मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा आवागमन को व्यवस्थित कराया गया।

## मनुष्य को कभी भी किसी भी विषय का अहंकार नहीं करना चाहिए - पं मृदुल बिहारी

**दमोह।** बटियागढ़ में वायपास के पास चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस में कथा वाचक आचार्य पंडित मृदुल बिहारी शास्त्री ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को कभी भी किसी भी विषय का अहंकार नही करना चाहिए क्योकि अहंकार ज्यादा समय तक नहीं रहता एक ना एक दिन टूटता जरूर है जब महाराज युधिष्ठिर इंद्रप्रस्थ पर राज्य करते थे वे काफी दान आदि भी करते थे धीरे-धीरे उनकी प्रसिद्धि दानवीर के रूप में फैलने लगी और पांडवों को इसका अभिमान होने लगा एक बार कृष्ण इंद्रप्रस्थ पहुंचे भीम व अर्जुन ने युधिष्ठिर की प्रशंसा शुरू की कि वे कितने बड़े दानी हैं तब कृष्ण ने उन्हें बीच में ही टोक दिया और कहा- हमने कर्ण जैसा दानवीर और नहीं सुना पांडवों को यह बात पसंद नहीं आई भीम ने पूछ ही लिया कैसे कृष्ण ने कहा कि समय आने पर बतलाऊंगा कुछ ही दिनों में सावन का माह शुरू हो गया और वर्षा की झड़ी लग गई उस समय एक याचक युधिष्ठिर के पास आया और बोला महाराज मैं आपके राज्य में रहने वाला एक ब्राह्मण हूं और मेरा व्रत है कि बिना हवन किए कुछ भी नहीं खाता-पीता कई दिनों से मेरे पास यज्ञ के लिए चंदन की लकड़ी नहीं है यदि आपके पास हो तो मुझ पर कृपा करें, अन्यथा हवन तो पूरा नहीं ही होगा मैं भी भूखा-प्यासा मर जाऊंगा। युधिष्ठिर ने तुरंत कोषागार के कर्मचारी को बुलवाया और कोष से चंदन की लकड़ी देने का आदेश दिया संयोग से कोषागार में सूखी लकड़ी नहीं थी तब महाराज ने भीम व अर्जुन को चंदन की लकड़ी का प्रबंध करने का आदेश दिया लेकिन काफी दौड़-धूप के बाद भी सूखी लकड़ी की व्यवस्था नहीं हो पाई तब ब्राह्मण को हताश होते देख कृष्ण ने कहा मेरे अनुमान से एक स्थान पर आपको लकड़ी मिल सकती है आइए मेरे साथ ब्राह्मण की आखों में चमक आ गई भगवान ने अर्जुन व भीम को भी इशारा किया वेष बदलकर वे भी ब्राह्मण के संग लिए कृष्ण सबको लेकर कर्ण के महल में गए। सभी ब्राह्मणों के वेष में थे अतरू कर्ण ने उन्हें पहचाना नहीं याचक ब्राह्मण ने जाकर लकड़ी की अपनी वही मांग दोहराई कर्ण ने भी अपने भंडार के मुखिया को बुलवा कर सूखी लकड़ी देने के लिए कहा, वहां भी वही उत्तर प्राप्त हुआ ब्राह्मण निराश हो गया अर्जुन-भीम प्रश्न-सूचक निगाहों से भगवान को ताकने लगे। लेकिन वे अपनी चिर-परिचित मुस्कान लिए बैठे रहे। तभी कर्ण ने कहा हे देवता आप निराश न हों एक उपाय है मेरे पास। उसने अपने महल के खिड़की-दरवाजों में लगी चंदन की लकड़ी काट-काट कर ढेर लगा दी फिर ब्राह्मण से कहा आपको जितनी लकड़ी चाहिए कृपया ले जाइए। कर्ण ने लकड़ी पहुंचाने के लिए ब्राह्मण के साथ अपना सेवक भी भेज दिया ब्राह्मण लकड़ी लेकर कर्ण को आशीर्वाद देता हुआ लौट गया पांडव व श्रीकृष्ण भी लौट आए वापस आकर भगवान ने कहा, साधारण अवस्था में दान देना कोई विशेषता नहीं है असाधारण परिस्थिति में किसी के लिए अपने सर्वस्व को त्याग देने का ही नाम दान है अन्यथा चंदन की लकड़ी के खिड़की-द्वार तो आपके महल में भी थे हमें ऐसे कार्यों में संलग्न करना चाहिए कि भगवान स्वयं हमें देखे केवल एक गुण या एक कार्य में अगर हम पूरी निष्ठा से अपने को लगा दें, तो कोई कारण नहीं कि भगवान हम पर प्रसन्न न हों कर्ण ने कोई विशेष कार्य नहीं किया किंतु उसने अपना यह नियम भंग नहीं होने दिया कि उसके द्वार से कोई निराश नहीं लौटेगा।